# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),**

**निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com


**पत्रांक** 376 / M-3 / 47 **दिनांक** 27 / 05 / **2026**

**सेवा में,**

जिलाधिकारी,

बस्ती।

**विषय:-** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 26.05.2026 को प्रकाशित "बस्ती में जल जीवन मिशन की टंकी ढही:चार साल से निर्माणाधीन थी, किसान के खेत में गिरी" के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 26.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित "बस्ती में जल जीवन मिशन की टंकी ढही:चार साल से निर्माणाधीन थी, किसान के खेत में गिरी" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती के विकास खण्ड-विक्रमजोत में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV) द्वारा शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना का कार्य कराया जा रहा है। दिनांक 26.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी, सम्बन्धित सहा०अभि० एवं जू०इंजी० के साथ ही साथ कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त योजना के जिंक एलम शीट की असेंबली की प्रारम्भिक प्रक्रिया चल रही थी और पूरी तरह फिक्स नहीं किया गया था। 25-26 मई की रात तेज आंधी के दबाव के कारण जिंक एलम शीट्स अपने स्थान से विस्थापित (Displace) हो गई। इस घटना से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। शंकरपुर पेयजल योजना की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

जनपद के विकास खण्ड-विक्रमजोत के अन्तर्गत शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 592.81 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV), फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम- (4) शंकरपुर, कवलपुर, दुसैनिया,कलन्दरहा

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप (1000 & 425 LPM) | 02 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 425 KL/18m) | 01 नग | 70% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 29.969 किमी० | 23.088 किमी० |
| 4 | पम्पहाउस | 02 नग | पूर्ण |
| 5 | बाउन्ड्रीवाल | 02 नग | 1 नग पूर्ण एवं 1 नग भूमि विवाद के कारण अपूर्ण |
| 6 | सोलर सिस्टम (50 KW) | 02 नग | 01 नग कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग भूमि विवाद के कारण अपूर्ण |
| 7 | गृह संयोजन | 1127 नग | 460 नग |

उपरोक्त के सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म को नये सिरे से पुनः कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है। शीघ्र ही शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। योजना वर्तमान में निर्माणाधीन है जिसे लक्षित समयान्तर्गत पूर्ण कर जलापूर्ति संचालित करा दिया जायेगा। जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(योगेन्द्र प्रसाद)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

# शंकरपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड-विक्रमजोत




